दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में उनासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किये गये। एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों का नामांकन पत्र पाया गया वैध।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में तेरह मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी। अट्ठावन दशमलव दो एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, नागरिकता–संशोधन अधिनियम– दो हजार चौबीस की अधिसूचना जारी होने के बाद आज पहली बार चौदह आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा गया।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार सभाएं, रैली, रोड–शो और जनसंपर्क कर रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा से अल्पसंख्यकों को वोट बैंक मानती है। श्री मोदी आज महाराष्ट्र के डिंडोरी में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती थी कि देश के बजट का पन्द्रह प्रतिशत हिस्सा सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो लेकिन भाजपा के विरोध के कारण पार्टी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पायी।

———बाईट———

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि बिहार में एनडीए पिछले लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराएगा। एक समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में श्री शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज शिवहर संसदीय क्षेत्र के सिरौना में जदयू उम्मीदवार लवली आनंद के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने राजद और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरजेडी का मतलब है—रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल।

———बाईट———

श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने जमीन से लेकर समुद्र, अंतरिक्ष और पाताल तक भ्रष्टाचार किये हैं।

———बाईट———

भाजपा अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से विकास के लिए एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गलत नीतियों के कारण युवाओं में निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि पच्चीस करोड़ युवाओं की उम्र सीमा बीत चुकी है और वे बेरोजगार हैं। श्री यादव ने प्रधानमंत्री पर देश का गुमराह करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र के हरसिद्धि में एनडीए उम्मीदवार राधा मोहन सिंह के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री पासवान ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव चुनावी लाभ लेने के लिए अपने भाषणों में नीतीश कुमार के नाम की चर्चा कर रहे हैं।

———बाईट———

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि तेजस्वी प्रसाद यादव को कहीं भी जन समर्थन नहीं मिल रहा है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा को बिहार सहित पूरे देश में अपार समर्थन मिल रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की गयी। जांच के बाद कुल उनासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इन क्षेत्रों से दो सौ सत्रह उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा था, जिसमें एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

————————————————————————————

जनता दल यूनाइटेड की पूर्व विधायक पूनम देवी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गयी हैं। पटना में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने उन्हें सदस्यता दिलाई। पूनम देवी वर्ष दो हजार पांच से वर्ष दो हजार बीस तक खगड़िया विधानसभा क्षेत्र से जदयू से विधायक रह चुकी हैं।

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। इन क्षेत्रों में अट्ठावन दशमलव दो एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक समस्तीपुर में साठ दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, उजियारपुर में उनसठ दशमलव पांच–नौ, बेगूसराय में अट्ठावन दशमलव सात, दरभंगा में सत्तावन दशमलव तीन–सात और मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में पचपन दशमलव पांच–पांच प्रतिशत मतदान हुआ। यह आंकड़ा वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में एक प्रतिशत कम है।

————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात पटना साहिब लोकसभा

सीट की। पटना साहिब बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

मोक्षदायिनी गंगा के दक्षिणी किनारे अवस्थित पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र बिहार की राजधानी पटना के मुख्य शहरी भाग से जुड़ा है। गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली, पटना साहिब का समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास रहा है। वर्ष 2008 में अस्तित्व में आए इस सीट का चुनावी सफर भी बहुत दिलचस्प है। अब तक हुए चुनावों में इस सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को ही जीत मिलती रही है। वर्ष 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में पटना साहिब सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने निवर्तमान सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की जगह रविशंकर प्रसाद को मैदान में उतारा। इससे नाराज होकर शत्रुघ्न सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गए। चुनाव परिणामों में श्री सिन्हा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी भाजपा ने रविशंकर प्रसाद को एक बार फिर मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं कांग्रेस के अंशुल अविजित। अंशुल अविजित कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे हैं और पहली बार चुनावी राजनीति में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो 6 में से 4 सीटों पर भाजपा और 2 सीटों पर राजद का कब्जा है। दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार और पटना साहिब विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, बख्तियारपुर और फतुहा राजद के कब्जे में हैं। चुनाव में मुद्दों की बात करें तो क्षेत्र का समुचित विकास और रोजगार आज भी लोगों की प्रमुख मांग है। इसके अलावा प्रदूषण, जाम और जल जमाव की समस्या प्रमुख मुद्दे हैं। लेकिन चुनाव में स्थानीय मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय मुद्दे अधिक प्रभावी दिख रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा उम्मीदवार मोदी सरकार की पिछले दस वर्षों की उपलब्धियों और क्षेत्र के लिए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के सहारे मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 21 लाख से अधिक मतदाता लगातार दूसरी बार भाजपा के रविशंकर प्रसाद पर विश्वास जताते हैं या फिर कांग्रेस के अंशुल अविजित को लोकसभा भेजते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

नागरिकता–संशोधन अधिनियम– दो हजार चौबीस की अधिसूचना जारी होने के बाद आज पहली बार चौदह आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा गया। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में आवेदकों को प्रमाण पत्र सौंपे और उन्हें बधाई दी। नागरिकता–संशोधन अधिनियम के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से इकतीस दिसम्बर दो हजार चौदह तक भारत में प्रवेश कर चुके हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिका देने का प्रावधान है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौ शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस

रिकॉर्ड किया गया। इधर, आज कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में ऊष्ण दिवस की स्थिति बनी रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले कुछ दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरैया गांव में गंडक नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, मधुबनी जिले के घोघरडीहा थाना क्षेत्र के नौआबाखर पंचायत में बिहुल नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंगेर जिले कासिम बाजार थाना क्षेत्र के भेलवा गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान डूबने से एक बच्ची की मौत हो गयी।

———————————————————————

अररिया जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर तेरह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शिवहर जिले की पुलिस ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से हथियार के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय नगर थाना क्षेत्र के हर हर महादेव चौक के पास पुलिस ने एक कार से पचास कार्टन शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में उनासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किये गये। एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों का नामांकन पत्र पाया गया वैध।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में तेरह मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी। अट्ठावन दशमलव दो एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, नागरिकता–संशोधन अधिनियम– दो हजार चौबीस की अधिसूचना जारी होने के बाद आज पहली बार चौदह आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा गया।

——————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।